**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3518**

**सोमवार, 16 मार्च, 2020/26 फाल्गुन, 1941 (शक)**

**कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2020**

**3518. डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस.:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**डॉ सुभाष रामराव भामरे:**
**डॉ अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2020 को संशोधित और पुर:स्थापित किया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान में ईपीएस के तहत नामांकित कर्मचारियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ईपीएस के तहत वितरित राशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार को ईपीएस, 1995 में उपयुक्त संशोधनों के लिए इसके दोषों के संबंध में विभिन्न श्रमिक समूहों से कोई अभ्यावेदन/शिकायतें मिली हैं और यदि हां, तो उक्त समस्या के संबंध में की गई सुधरात्मक कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क) से (घ): अन्य बातों के साथ-साथ न्यूनतम मासिक पेंशन बढ़ाने तथा पेंशन के संराशीकृत मूल्य की बहाली के संबंध में कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 1995 में संशोधनों के मुद्दे के साथ-साथ मांगे उठाने वाले कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 1995 के व्यक्तिगत पेंशनधारियों के साथ-साथ विभिन्न पेंशनधारी संगठनों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

सरकार ने, कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के पेंशनधारियों की मांगों पर विचार करते हुए, कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के पूर्ण मूल्यांकन और समीक्षा हेतु उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समिति गठित की थी। समिति की सिफारिश के आधार पर, सरकार ने दिनांक 20.02.2020 की अधिसूचना सा.का.नि. सं. 132 (अ.) के माध्यम से 25 सितम्बर, 2008 को या इससे पहले इस योजना के पूर्वगत पैराग्राफ 12क के अंतर्गत पेंशन के संराशीकरण का लाभ उठाने वाले सदस्यों के संबंध में ऐसे संराशीकरण की तारीख से पंद्रह वर्ष पूरे होने के बाद सामान्य पेंशन बहाल करने का निर्णय अधिसूचित किया है।

कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत नामांकित कर्मचारियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रवार वर्तमान ब्यौरा अनुबंध-I पर दिया गया है।

चालू वर्ष सहित पिछले प्रत्येक तीन वर्षों के दौरान कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत वितरित राशि का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रवार ब्यौरा अनुबंध-II पर दिया गया है।

** ******

**अनुबंध I**

**कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2020 के संबंध में डॉ. डीएनवी सेंथिलकुमार एस. श्री कुलदीप राय शर्मा, डॉ सुभाष रामराव भामरे, डॉ अमोल रामसिंह कोल्हे, श्रीमती सुप्रिया सुले और श्री श्रीनिवास पाटील द्वारा पूछे गए दिनांक 16.03.2020 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3518 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **ईपीएस, 1995 के अंतर्गत नामांकित कर्मचारियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य /संघ राज्य क्षेत्र** | **ईपीएस, 1995 के सदस्यों की संख्या** |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 46099 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4894239 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 34262 |
| 4 | असम | 1002369 |
| 5 | बिहार | 1810148 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2773032 |
| 7 | छत्तीसगढ | 2120580 |
| 8 | दिल्ली | 19340659 |
| 9 | गोवा | 1555143 |
| 10 | गुजरात | 18925544 |
| 11 | हरियाणा | 18840638 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1779268 |
| 13 | झारखंड | 2438508 |
| 14 | कर्नाटक | 28574372 |
| 15 | केरल | 3608629 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 5579539 |
| 17 | महाराष्ट्र | 48542645 |
| 18 | मणिपुर | 40695 |
| 19 | मेघालय | 120929 |
| 20 | मिजोरम | 10007 |
| 21 | नागालैंड | 24928 |
| 22 | ओडिशा | 3533218 |
| 23 | पंजाब | 4314283 |
| 24 | राजस्थान | 6251397 |
| 25 | तमिलनाडु | 28826389 |
| 26 | तेलंगाना | 13444683 |
| 27 | त्रिपुरा | 106403 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 11330944 |
| 29 | उत्तराखंड | 3746454 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 10469959 |

**अनुबंध II**

**कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2020 के संबंध में डॉ. डीएनवी सेंथिलकुमार एस., श्री कुलदीप राय शर्मा, डॉ सुभाष रामराव भामरे, डॉ अमोल रामसिंह कोल्हे, श्रीमती सुप्रिया सुले और श्री श्रीनिवास पाटील द्वारा पूछे गए दिनांक 16.03.2020 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3518 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| ईपीएस, 1995 के अंतर्गत वितरित धनराशि (रूपयों में) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य /संघ राज्य क्षेत्र** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 61497107 | 62773604 | 70272071 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1820048399 | 1837166781 | 1765949928 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 10866361 | 14758448 | 14173636 |
| 4 | असम | 773713407 | 932873353 | 880834211 |
| 5 | बिहार | 1653339800 | 1857398598 | 1673833899 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1614396700 | 2221443125 | 1841556167 |
| 7 | छत्तीसगढ | 1902541161 | 2030108245 | 2028321738 |
| 8 | दिल्ली | 4444734231 | 5376402712 | 5065776244 |
| 9 | गोवा | 752720855 | 778092415 | 671802182 |
| 10 | गुजरात | 3799861328 | 3866846976 | 3711775330 |
| 11 | हरियाणा | 2946290168 | 2980933921 | 2643033792 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1213953849 | 1263977324 | 1177646186 |
| 13 | झारखंड | 1745556434 | 1820142321 | 1759222457 |
| 14 | कर्नाटक | 4351034413 | 3917371170 | 3446372700 |
| 15 | केरल | 2934012504 | 3308418201 | 3250966339 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 1552510160 | 1745126898 | 1536409360 |
| 17 | महाराष्ट्र | 7314959982 | 6119175248 | 4860107122 |
| 18 | मणिपुर | 28115037 | 40466950 | 36423753 |
| 19 | मेघालय | 88095948 | 102186527 | 90112183 |
| 20 | मिजोरम | 6627577 | 7585301 | 7449618 |
| 21 | नागालैंड | 22956418 | 28794944 | 29193288 |
| 22 | ओडिशा | 1996070775 | 2198978751 | 2296623899 |
| 23 | पंजाब | 1135648802 | 1214518583 | 1234162850 |
| 24 | राजस्थान | 1951157372 | 2406231827 | 2087827011 |
| 25 | तमिलनाडु | 4810558218 | 4597522638 | 3885314268 |
| 26 | तेलंगाना | 4327407810 | 4416820213 | 3745388028 |
| 27 | त्रिपुरा | 151352846 | 164311264 | 179142181 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 1697131570 | 1878477447 | 1785924637 |
| 29 | उत्तराखंड | 1287535813 | 1197591602 | 1179233249 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 2902303074 | 2906927989 | 3074741443 |

******